## सम्पादकीय

# लाचार पुलिस तंत्र

देहरादून का उत्तराखंड की राजधानी बनना ही अब एक बड़ी मुसीबत साबित होने लगा है। पूरे शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा चुकी है, उस पर आए दिन होने वाले जुलूस प्रदर्शनों ने तो शहर की परिवहन व्यवस्था की कमर तोड़कर रख दी है। हाल ही में पूर्व कार्यवाहक डीजीपी द्वारा राजधानी देहरादून में जुलूस व प्रदर्शनों को बंद करने के दिशा निर्देश जारी किए गए थे और कहा गया था कि केवल अवकाश के दिनों में ही जरूरत प्रदर्शन निकालने की अनुमति दी जाएगी लेकिन एक भी दिन यह दिशा निर्देश धरातल पर खरे नहीं उतरे और जैसे दिशा निर्देश जारी किए गए थे वैसे ही उनकी हवा भी निकल गई। राजधानी की सड़कों पर लगातार राजनीतिक, विभिन्न संगठनो व धार्मिक जुलूस निकलते रहते हैं। पुलिस तंत्र की इतनी हिम्मत नहीं की इन जुलूसों पर प्रतिबंध लगा सके और पूरे शहर की व्यवस्था को ताक पर रखते हुए प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरते हैं। राजनीतिक दल चाहे कोई भी हो उन्हें इन दिशा निर्देशों से कुछ लेना–देना नहीं है, और ना ही ऐसे जुलूस प्रदर्शनों को निकलने से रोकने की ही कोई कार्रवाई जिला पुलिस द्वारा नजर आई है। आए दिन देहरादून की सड़कों पर कभी "सचिवालय कूच" तो कभी "विधानसभा कूच" शहर वासियों की मुसीबत बन चुके हैं। सबसे बड़ी मुसीबत स्कूलों की छुट्टी के टाइम पर होती है जब घंटे तक शहर जाम की चपेट में आ जाता है तो वही इस जाम में एंबुलेंस सेवाएं भी प्रभावित होती नजर आती है। पुलिस मुखिया द्वारा दिशा निर्देश जारी करने के बाद भी यदि व्यवस्थाओं का पालन नहीं हो रहा है तो समझ लेना चाहिए कि ऐसे आदेश मात्र "हवाई लफ्फाजी" से अधिक कुछ नहीं है। ना ही पुलिस विभाग इतना सक्षम है कि वह सत्तारूढ़ दल के जुलूस प्रदर्शनों को रोक सके और ना ही विपक्षी दल के प्रदर्शन पर ही कार्रवाई करने की हिम्मत जुटा सके। अंततः अंजाम आम व्यक्ति को ही उठाना पड़ता है जो इन अव्यवस्थाओं के कारण घंटे तक सड़कों पर फंसा रहता है। आमजन की परेशानियों को देखते हुए ही पूर्व पुलिस मुखिया द्वारा जुलूस प्रदर्शनों पर रोक लगाने के आदेश जारी किए गए थे लेकिन ना तो इनका पालन करने की हिम्मत खुद पुलिस विभाग में है और ना ही राजनीतिक व दूसरे संगठन ऐसे आदेशों की परवाह करते हैं।

# भाजपा की गलतफहमी

**अजीत द्विवेदी**

भारतीय जनता पार्टी ने 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पारंपरिक राजनीति में कुछ बुनियादी बदलाव शुरू किए थे। 2014 में लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद चार राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे। उन चार में जम्मू कश्मीर की स्थिति अलग थी। हालांकि वहां भी भाजपा ने एक प्रयोग किया। लेकिन असली प्रयोग उसने महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में किए। तीनों राज्यों में चुनाव जीतने के बाद भाजपा ने महाराष्ट्र में पारंपरिक राजनीति से हट कर मराठा की बजाय गैर मराठा ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाया। हरियाणा में जाट की बजाय गैर जाट पंजाबी मुख्यमंत्री बनाया और झारखंड में आदिवासी की बजाय गैर आदिवासी साहू मुख्यमंत्री बनाया। 10 साल बाद भी हरियाणा में भाजपा गैर जाट राजनीति करती रही और महाराष्ट्र में भी शिव सेना तोड़ कर मराठा समुदाय के एकनाथ शिंदे को सीएम बनाने के बावजूद उसने अपनी पार्टी में गैर मराठा फडऩवीस का नेतृत्व बनाए रखा। परंतु उसने झारखंड में 2019 का चुनाव हारने के बाद अपनी गैर आदिवासी राजनीति बदल दी। उसने पारंपरिक आदिवासी राजनीति साधने का प्रयास किया, जिस प्रयास में वह औंधे मुंह गिरी है।

भाजपा को ऐसा लगा कि गैर आदिवासी रघुबर दास को मुख्यमंत्री बनाने की वजह से 2019 का चुनाव हारे। इसलिए उसने 2019 के चुनाव के तुरंत बाद रघुबर दास को किनारे कर दिया और बाबूलाल मरांडी की पार्टी का भाजपा में विलय कराया। विलय के तुरंत बाद मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। यह अलग बात है कि मरांडी के दो विधायक कांग्रेस में चले गए और दोनों तरफ से दलबदल का मामला स्पीकर के पास पहुंच गया, जिसकी वजह से मरांडी नेता विपक्ष नहीं बन सके। चुनाव से पहले भाजपा ने दलित समाज के अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाया और बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बना कर उनके नेतृत्व में चुनाव लडऩे का मैसेज बनवाया।

भाजपा को यह गलतफहमी थी कि उसने भूल सुधार कर लिया है और दो पड़ोसी राज्यों छत्तीसगढ़ व ओडिशा में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने से झारखंड में आदिवासी उसको वोट दे देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उलटे गैर आदिवासी राजनीति के कारण जो समूह भाजपा के साथ ज्यादा मजबूती से जुड़े थे उन्होंने भी साथ छोड़ दिया। इसके अलावा भी भाजपा ने रणनीतिक गलतियां कीं, जिनसे वह 2024 का चुनाव हारी है, उन पर आगे बात करेंगे।

पहले आदिवासी राजनीति पर बात करें तो भाजपा ने रघुबर दास को मुख्यमंत्री बना कर अलग अलग हिस्सों में बंटे आदिवासी समूहों को एक कर दिया। उससे पहले झारखंड के आदिवासी अलग अलग तरह से वोट करते थे। संथाल आदिवासी अलग वोट करते थे तो मुंडा, हो और उरांव आदिवासी अलग वोट करते थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा संथाल आदिवासियों की पार्टी मानी जाती थी।

तभी 2009 में मुख्यमंत्री रहते शिबू सोरेन दक्षिणी छोटानागपुर की तमाड़ सीट से उपचुनाव हार गए थे। वहां के मुंडा, उरांव और पातर आदिवासियों ने उनको वोट नहीं दिया था। परंतु 2014 के बाद यह स्थिति बदल गई। रघुबर दास को मुख्यमंत्री बनाने के बाद मोटे तौर पर सारे आदिवासी समूह एक हो गए।

2019 के चुनाव में इसका असर दिखा, जब हो आदिवासी वाले कोल्हान में भाजपा का खाता नहीं खुला। उसे 14 में से एक भी सीट नहीं मिली। वह राज्य की कुल 28 आदिवासी आरक्षित सीटों में से सिर्फ दो जीत पाई। इसी को ठीक करने के लिए उसने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश का सर्वोच्च नेता बनाया। लेकिन आदिवासी समुदाय ने गांठ बांधी थी। इस बीच भाजपा ने एक और रणनीतिक गलती यह कर दी कि उसने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। साथ ही उनकी पार्टी तोडऩे का प्रयास किया। हेमंत ने जेल जाने के बाद जिन चम्पई सोरेन के मुख्यमंत्री बनाया था उनको भाजपा में शामिल कर लिया। इन सबकी ऐसी प्रतिक्रिया हुई कि भाजपा इस बार सिर्फ एक आदिवासी सीट जीत पाई और वह भी चम्पई सोरेन की है। यानी उसके अपने तमाम आदिवासी नेता चुनाव हार गए।

आदिवासी वोट आकर्षित करने के लिए किया गया अत्यधिक प्रयास भाजपा को भारी पड़ गया। उसने चम्पई सोरेन को पार्टी में लेकर उनको और उनके बेटे को टिकट दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी को टिकट दिया और एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी को भी टिकट दिया। भाजपा के आदिवासी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव को भी चुनाव लड़ाया। शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को पार्टी में लाकर उनको भी टिकट दिया। हालांकि पार्टी बाबूलाल मरांडी को किसी आदिवासी आरक्षित सीट से लडऩे के लिए तैयार नहीं कर पाई। वे सामान्य सीट से ही चुनाव लड़े। वे तो जीत गए लेकिन सारे आदिवासी नेता चुनाव हार गए। ऊपर से आदिवासी वोटों के लिए बहुत प्रयास करते दिखने से भाजपा ने दूसरे समूहों में अपना समर्थन गंवाया। एक तरफ जहां आदिवासी वोट पूरी तरह से जेएमएम के साथ गोलबंद हुए तो आदिवासी के साथ साथ गैर आदिवासी समूहों का बड़ा हिस्सा उसकी सहयोगी पार्टियों कांग्रेस, राजद और लेफ्ट के साथ चला गया।



भाजपा की एक और रणनीतिक गलती यह हुई कि उसने आदिवासी के बाद दूसरे सबसे बड़े वोट सदान यानी कुड़मी को अपने साथ जोडऩे का प्रयास नहीं किया। उसने इस वोट को बांटने का प्रयास किया। हालांकि 2019 से उलट 2024 में भाजपा ने सुदेश महतो की पार्टी आजसू से तालमेल कर लिया था लेकिन उसने एक नई परिघटना के तौर पर उभर रहे जयराम महतो को रोकने की बजाय उन्हें आगे बढऩे में मदद की। ऐसी आम धारणा है कि भाजपा ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के 29 साल के जयराम महतो को परदे के पीछे से मदद की। उनके जरिए भाजपा को जेएमएम का महतो वोट तोडऩे और अपने सहयोगी सुदेश महतो को काबू में रखने का भरोसा था।

लेकिन यह दांव उलटा पड़ गया। 2019 में जिस तरह से सुदेश महतो ने आठ फीसदी वोट काट कर भाजपा को एक दर्जन सीटें हरवा दी थीं। उसी तरह 2024 में जयराम महतो ने सात फीसदी वोट काट कर भाजपा को 13 सीटें हरवा दीं। 13 सीटों पर उनकी पार्टी को इतने वोट मिले, जो भाजपा की हार के अंतर से बहुत ज्यादा थे। जयराम महतो ने भाजपा और आजसू को बेरमो, सिल्ली, बोकारो, गोमिया, गिरिडीह, टुंडी, ईचागढ़, तमाड़, चक्रधरपुर, चंदनक्यारी, सिंदरी, कांके और खरसावां में हरवा दिया। इसमें सुदेश महतो की भी सीट है और भाजपा की कई मजबूत सीटें हैं। रांची शहर की सीट है कांके, जहां भाजपा का उम्मीदवार 968 वोट से हारा और जयराम महतो के उम्मीदवार को करीब 26 हजार वोट मिले।

भाजपा ने एक और रणनीतिक गलती यह कर दी कि काटो बांटो की राजनीति ज्यादा कर दी। इससे संथालपरगना में उसको फायदे की उम्मीद थी लेकिन आदिवासी, मुस्लिम का ध्रुवीकरण पहले से ज्यादा हो गया और भाजपा चार से घट कर एक सीट पर आ गई। यानी चौबे से छब्बेजी बनने गए थे और दुबे जी बन कर रह गए। जिस तरह से आक्रामक अंदाज में हेमंत सोरेन ने आदिवासी राजनीति की थी और जिस तरह से आदिवासी, ईसाई और मुस्लिम का ध्रुवीकरण हो रहा था उसके बरक्स भाजपा को गैर आदिवासी ध्रुवीकरण के लिए जाना चाहिए था, जैसा उसने हरियाणा में गैर जाट और महाराष्ट्र में गैर मराठा की राजनीति की। उसे अपने सवर्ण वोट के साथ दलित और ओबीसी को जोडऩे का प्रयास करना चाहिए था। परंतु वह 28 आदिवासी आरक्षित सीटों की चिंता में डूबी रही, जिसमें से उसको सिर्फ एक सीट मिली है।

हालांकि इस तरह एक जाति के खिलाफ दूसरी जातियों को खड़ा कर विभाजन की राजनीति है, जिससे अंततः समाज विभाजित होता है लेकिन भारत में राजनीति इसी गणित से चलती है। चुनाव जीतने के बाद भाजपा आदिवासी हितों के लिए भी काम करती रह सकती थी। लेकिन चुनाव के समय वह गैर आदिवासी राजनीति पर फोकस करती तो उसके जीतने के चांस ज्यादा होते। आखिर झारखंड में आदिवासी और मुस्लिम आबादी 38 फीसदी के करीब है और 62 फीसदी गैर आदिवासी व गैर मुस्लिम आबादी है। अगर भाजपा इस 62 फीसदी की राजनीति करती और इस दुष्प्रचार का प्रभावी जवाब देती कि सरना आदिवासी हिंदू नहीं हैं तो उसे ज्यादा लाभ होता।

## चुनावी हेरफेर का सवाल

उद्देश्य विपक्ष को आगाह करना भर है कि चुनावी हेरफेर का सवाल वे केवल पराजय के दिन उठाएंगे और फिर सब भूल कर अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे, तो इस गंभीर मुद्दे पर जनता के बीच कोई नैरेटिव वे खड़ा नहीं कर पाएंगे।

महा विकास अघाड़ी की हार के बाद शिव सेना (उद्धव) नेता संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी 'महाराष्ट्र का मन' जानती है। स्वाभाविक रूप से ऐसा नतीजा नहीं आ सकता था। यानी सत्ता पक्ष ने हेरफेर से चुनाव जीता। इसी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के एक पराजित उम्मीदवार ने कहा कि 19 से 17 दौर की गिनती तक वे आगे थे। मगर उसके बाद '99 फीसदी चार्ज्ड' ईवीएम निकले, जिनमें अंतर इतना था कि अंततः वे हार गए। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं ने निर्वाचन आयोग पर नियोजित ढंग से चुनावों में समान धरातल खत्म करने का आरोप लगाया। हरियाणा की तरह ही उन्होंने महाराष्ट्र के परिणाम की साख पर गंभीर सवाल उठाए। साल भर पहले मध्य प्रदेश में हार के बाद वहां के कांग्रेस नेताओं ने ईवीएम में हेरफेर के आरोप लगाए थे। यानी अब यह आम रुझान बन गया है। जहां भी विपक्षी दलों की हार होती है, वे उसे सहज स्वीकार नहीं करते। हालांकि इसका कोई ठोस उत्तर उन्होंने पेश नहीं किया है कि सब कुछ मैनेज्ड हो चुका है, तो झारखंड और कश्मीर घाटी में कैसे भाजपा गठबंधन हार गया और लोकसभा चुनाव में कैसे भाजपा को उतना तगड़ा झटका लग गया था।

# कांग्रेस को ईवीएम के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए

**शकील अख्तर**

महाराष्ट्र में भाजपा की अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट। और ईवीएम पर सवाल तेज हुआ तो सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट सवाल की शक्ल में आ जाता है कि जीतने पर चुप हार गए तो ईवीएम पर सवाल? नरेटिव सेट कर दिया। ऐसे कहा जा रहा है जैसे विपक्ष कोर्ट में गया हो। यह एक पुरानी टेक्टिस हैज् किसी आदमी से इस तरह की पीआईएल दाखिल करवा दो। और उसके बाद कहो कि सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष को करारा जवाब दिया। जो बात बीजेपी और मोदी सरकार कहती है वही चुनाव आयोग कहता है, फिर वही बात सुप्रीम कोर्ट से आती है विपक्ष का मुख्य मुद्दा नरेंद्र मोदी को हटाना है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सभी संस्थाओं पर ऐसा कब्जा कर लिया है कि सिवाए विपक्ष के कोई आवाज बची ही नहीं है। और विपक्ष जिसमें कांग्रेस बड़ी पार्टी है उसके सबसे बड़े नेता राहुल गांधी का यह कहना सही है कि हमारा माइक ही बंद कर दिया जाता है। मगर उससे ज्यादा यह कहना बहुत महत्वपूर्ण, दमदार और उत्साहवर्धक है कि माइक बंद कर दो मगर मैं खड़ा रहूंगा। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि मुझसे कहा जाता है कि माइक बंद हो गया तो बैठ जाओ। मगर मैं बैठूंगा नहीं। खड़ा रहूंगा।तो एक आवाज जो विपक्ष की बची है उसे भी बंद करने की कोशिश है। लेकिन यही एक काम सबसे मुश्किल है। विपक्ष के तमाम नेता एक मजबूत ताकत के रूप में खड़े हुए हैं। राहुल ने यही कहा बैठेंगे नहीं। खड़े रहेंगे। लड़ते रहेंगे। और जाहिर है तब तक जब तक कि लोकतंत्र अपनी मूल भावना के अनुरूप वापस नहीं आ जाता।और जैसा कि हमारा पहला वाक्य स्पष्ट है कि ऐसा प्रधानमंत्री मोदी को हटाए बिना नहीं हो सकता। सबसे बड़ा इंस्टिट्यूशन तो न्यायपालिका था। लेकिन अभी रिटायर हुए और नई पोस्टिंग की राह देख रहे चीफ जस्टिस चन्द्रचुड़ ने क्या कहा? हम विपक्ष नहीं! क्या मतलब है इसका? इसका मतलब ऐसे समझिए जैसे सरकार कहे कि हमने कोई जनता का ठेका नहीं ले रखा है। अभी नहीं कहा। मगर यही हालत रही तो जल्दी ही डायरेक्ट यह कह दिया जाएगा कि क्या तुम्हारी गरीबी, बेरोजगारी हमारी जिम्मेदारी है? बस यह कहने के लिए चुनाव में जाने की मजबूरी ना हो।हालांकि सब कुछ सेट है। मगर फिर भी चुनाव में जाना पड़ता है। इसलिए जनता पर अप्रत्यक्ष रूप से सब कुछ डाला जाता है। उसके अधिकारो की बात न करके केवल कर्तव्य याद दिलाए जाते हैं।

मगर डायरेक्ट अभी यह कहने की स्थिति नहीं है कि आप कौन?इसलिए वह स्थिति आए उससे पहले देश में वापस लोकतंत्र को चाहने वालों को मोदी को हटाना पड़ेगा। और मोदी को हटाने के लिए ईवीएम को हटाना पड़ेगा। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान दिवस पर बहुत महत्वपूर्ण बात कही है। वोट ईवीएम से नहीं। अगर कांग्रेस यह आन्दोलन सारे विपक्षी दलों को विश्वास में लेकर सही तैयारी से करती है तो समझ लीजिए की ईवीएम हटते ही मोदी भी हट गए। कांग्रेसी भी, दूसरे भी मोदी सरकार की जान बताते हैं कि इस तोते में है। मगर सही यह है कि जान ईवीएम में है।कैसे? इसका एक उदाहरण बताते हैं। महाराष्ट्र के अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट। भाजपा के 90 प्रतिशत के बाद ईवीएम पर सवाल तेज हो गए। और सवाल होते ही सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट सवाल की शक्ल में आ जाता है कि जीतने पर चुप हार गए तो ईवीएम पर सवाल? नरेटिव सेट कर दिया। मीडिया इसी पर लगा हुआ है। और गोदी मीडिया के बाद दूसरा बड़ा प्रचार उपकरण व्हट्स एप भी। विपक्ष के हारने का बहाना ईवीएम!ऐसे कहा जा रहा है जैसे विपक्ष कोर्ट में गया हो। यह एक पुरानी टेक्टिस है जिसे विपक्ष उजागर नहीं कर पाता कि कोई भी गंभीर मामला होने पर किसी भी गैर गंभीर या अपने किसी आदमी से इस तरह की पीआईएल दाखिल करवा दो। और उसके बाद कहो कि सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष को करारा जवाब दिया। जो बात चुनाव आयोग कहता है, बीजेपी और मोदी सरकार कहती है वही बात जब सुप्रीम कोर्ट से आती है तो जनता फिर सोचने लगती है कि मैंने ही बेरोजगारी, मंहगाई के खिलाफ वोट दिया था दूसरों ने नहीं। अब मेरे अकेले वोट से क्या होता है? मोदी जी यही चाहते हैं। उनके विरोध की आवाज निराश हो जाए।

# विष्णु मांचू फिल्म कन्नप्पा से मंचू अवराम का पहला लुक जारी

तेलुगू स्टार विष्णु मांचू के बेटे और दिग्गज मोहन बाबू के पोते अवराम मांचू अपकमिंग फिल्म कन्नप्पा से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। कन्नप्पा (थिन्नाडू) के बचपन के रूप में अवराम का पहला लुक जारी किया गया।पोस्टर में अवराम का दमदार अंदाज दिख रहा है। वह काली मां की मूर्ति के सामने खड़े हैं। अवराम अपने पिता के बचपन का किरदार निभा रहे हैं।पिता बच्चे के एक्टिंग डेब्यू को लेकर काफी उत्साहित हैं। विष्णु ने कहा, अवराम को कन्नप्पा के रूप में देखना मेरे लिए एक भावनात्मक अनुभव रहा है। यह फिल्म हमारे परिवार में पीढ़ियों से चला आ रहा एक सपना है। मुझे इस तरह की प्रतिष्ठित भूमिका के माध्यम से अवराम को दुनिया के सामने पेश करने पर



बेहद गर्व महसूस हो रहा है। मैं स्क्रीन पर इसे देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं।कन्नप्पा के रूप में अवराम की भूमिका तेलुगू फिल्म उद्योग में मांचू परिवार की समृद्ध परंपरा को जारी रखती है।इस फिल्म में मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार, मोहन बाबू, सरथकुमार, ब्रह्मानंदम और काजल अग्रवाल सहित कई बेहतरीन कलाकार हैं।कन्नप्पा की कहानी पौराणिक योद्धा कन्नप्पा के इर्द–गिर्द घूमती है, जिन्हें भगवान शिव के सबसे बड़े भक्तों में से एक माना जाता है, जिसने उन्हें महादेव के भक्तों के बीच प्रसिद्ध बना दिया। एक शिकारी से योद्धा और फिर संत बनने की यात्रा ने उन्हें नयनार की उपाधि दिलाई।फिल्म की घोषणा पिछले साल श्रीकालहस्तीश्वर मंदिर में की गई थी, जो फिल्म की कथा में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि यह वह स्थान है जहां कन्नप्पा ने स्वेच्छा से अपनी आंखें बंद कर ली थीं और भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया था और पूजनीय बन गए थे।

## 350 करोड़ रुपये का 20 प्रतिशत वसूलने में कामयाब रही कंगुवा

सूर्या की नई एपिक फैंटेसी एक्शन ड्रामा कंगुवा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 18 दिन हो चुके हैं. इन 18 दिनों में फिल्म ने ओपनिंग डे के बाद से अच्छी कमाई नहीं कर पाई है. दर्शकों की औसत समीक्षाओं के साथ–साथ, सूर्या स्टारर कंगुवा बॉक्स ऑफिस पर कम कमाई कर रही है. फिल्म के परफॉर्मेंस से ऐसा लग रहा है कि यह जल्द ही सिनेमाघरों से उतर जाएगी. शिवा की निर्देशित फिल्म कंगुवा 350 करोड़ रुपये के भारी बजट में बनाई गई है. मेकर्स को फिल्म से काफी उम्मीद थी. लेकिन फिल्म की कमजोर स्क्रिप्ट और एक्टिंग में कमी होने के कारण यह दर्शकों तक अपनी पहुंच नहीं बना पाई. सैकनिल्क वेबसाइट के अनुसार, कंगुवा ने ओपनिंग डे पर 24 करोड़ रुपये की कमाई की. हालांकि पहले वीकेंड में फिल्म 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. एक हफ्ते में कंगुवा ने 64.3 करोड़ रुपये कमाए. जबकि दूसरे वीकेंड में इसने 3.2 करोड़ रुपये कमाए हैं. वहीं बात करें 18वें दिन की तो कंगुवा ने रिलीज के तीसरे वीकेंड पर भारतीय बॉक्स ऑफिस से केवल 9 लाख रुपये की कमाई की है. 18 दिनों के बाद सूर्या की फिल्म ने भारत में कुल 70.27 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर ली है.

# शाहीन को टेस्ट में आराम, दक्षिण अफ्रीका दौरे में सभी प्रारूपों में खेलेंगे

लाहौर, पाकिस्तान ने आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें बाबर आजम के साथ मोहम्मद रिजवान, सैम अयूब और सलमान अली आगा को तीनों टीमों में शामिल किया है। इस दौरे में तीन टी20, तीन वनडे और दो टेस्ट शामिल हैं, जो 10 दिसंबर से 7 जनवरी तक चलेगा। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, जो इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट से भी चूक गए थे, उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत सफेद गेंद के मैचों के लिए चुना गया है। नसीम शाह को टेस्ट और वनडे के लिए चुना गया है। चयन समिति के सदस्य और अंतरिम सफेद गेंद हेड कोच आकिब जावेद ने कहा, शाहीन शाह अफरीदी को टेस्ट टीम से बाहर करना एक



रणनीतिक फैसला है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तरोताजा रहें। इसी तरह, फखर जमान के नाम पर विचार नहीं किया गया, क्योंकि वह अभी फॉर्म और मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास भी टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं, जिन्होंने आखिरी बार अगस्त 2021 में जमैका में खेला था। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट से चूकने के बाद नसीम को भी चार सदस्यीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल किया गया है। पिछले महीने श्रीलंका ए के खिलाफ पाकिस्तान शाहीन्स के लिए 15 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद को भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। 15 सदस्यीय टेस्ट टीम में चौथे तेज गेंदबाज मीर हमजा हैं। जावेद ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बावजूद साजिद खान को बाहर रखना एक बहुत ही कठिन और मुश्किल फैसला था। हालांकि, सेंचुरियन और केपटाउन में तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए, हमने मोहम्मद अब्बास को चुना, जो सीम गेंदबाजी के बेहतरीन खिलाड़ी हैं।

# वनवास का ट्रेलर रिलीज, दिल छू लेने वाली कहानी लेकर आए नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा

निर्देशक अनिल शर्मा पिछले काफी समय से फिल्म वनवास को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई है, जो उनकी फिल्म गदर और गदर 2 में थे।फिल्म में नाना पाटेकर भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के पोस्टर से लेकर टीजर और गाने तक दर्शकों को बेहद पसंद आए हैं।अब इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है।

ट्रेलर की शुरुआत में उत्कर्ष कहते हैं, माता–पिता का कर्म होता है बच्चों को पालना और बच्चों का धर्म होता है मां–बाप को संभालना।फिल्म की कहानी उन लोगों पर है, जो पालकर अपने बच्चों को बड़ा करते हैं, लेकिन जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तो मां–बाप को छोड़ देते हैं। नाना ऐसे ही शख्स के किरदार में हैं, जिन्हें उनके बच्चों ने उन्हें रास्ते पर छोड़ दिया है।ट्रेलर में भावुक कर देने वाले पल हैं।एक यूजर ने लिखा, मारधाड़ वाली फिल्मों के बीच एक महत्वपूर्ण विषय वाली फिल्म का ट्रेलर देख मजा आ गया। वाह!एक लिखते हैं, मैं फिल्म का पहले दिन का पहला शो देखूंगा। ऐसी फिल्मों को समर्थन मिलना चाहिए।एक ने लिखा, क्या गजब ट्रेलर है। ऐसा सिनेमा तो अब खो ही गया है।एक लिखते हैं, पिछले कुछ सालों से ऐसी ही फिल्म की तलाश थी, वहीं कुछ को सिमरत कौर और उत्कर्ष की केमिस्ट्री भी पसंद आई है।निर्देशक अनिल शर्मा कहते हैं, यह फिल्म मेरे बेहद करीब है, क्योंकि ये प्यार, बलिदान और परिवार के असली मतलब को समझाती है। नाना, उत्कर्ष, सिमरत, राजपाल यादव और बाकी कलाकारों ने अपने–अपने किरदारों से फिल्म में गहरी और असली भावनाएं डाली है। मैं दर्शकों को उनका सफर पर्दे पर दिखाने के लिए काफी उत्साहित हूं।उधर नाना के मुताबिक, वनवास सिर्फ एक कहानी नहीं है, ये उन भावनाओं का आईना है, जिन्हें हम अक्सर अपने अंदर दबाकर रखते हैं।ज़ी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। पिछली बार अनिल फिल्म गदर 2 लाए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कई नए रिकॉर्ड बनाए और धराशायी किए।फिल्म में उत्कर्ष और सिमरत दिखे थे। वनवास में यह जोड़ी दोबारा दर्शकों का दिल जीतने आ रही है।इस फिल्म में परिवार के सच्चे अर्थ को दिखाया गया है और बताया गया है कि रिश्ते खून से नहीं, बल्कि प्यार और स्वीकार्यता से बनते हैं।

## 2009 के बाद पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में भाग लेंगे नोवाक जोकोविच

ब्रिस्बेन, ब्रिस्बेन 2025 इंटरनेशनल ने बुधवार को 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच के नेतृत्व में 61 पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों की स्टार–स्टडेड लाइनअप की घोषणा की, जिसका आगाज 29 दिसंबर को पैट राफ्टर एरिना में होगा।10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन और 99 करियर खिताबों के धारक जोकोविच, 2009 के बाद पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में खेलेंगे, जो टूर्नामेंट का पहला साल था। अपने 100वें खिताब की तलाश में सर्बियाई महान खिलाड़ी पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में प्रतिस्पर्धा करने के बाद ब्रिस्बेन लौटने के लिए उत्साहित हैं।जोकोविच ने कहा, मैं ब्रिसबेन इंटरनेशनल में अपना ऑस्ट्रेलियाई अभियान शुरू करने और पैट राफ्टर एरिना में फिर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्साहित हूं। मैं ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों से मिलने वाले अविश्वसनीय समर्थन का अनुभव करने और इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए उत्सुक हूं।

# बांग्लादेश ने 15 साल बाद वेस्टइंडीज में जीता टेस्ट मैच, सीरीज हुई बराबर

किंग्स्टन, बांग्लादेश ने 15 साल बाद वेस्टइंडीज में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की। सबीना पार्क में खेले गए दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने मेजबान वेस्टइंडीज को 101 रनों से हराया।दूसरी पारी में जाकिर अली की शानदार 91 रनों की पारी ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 287 रनों का लक्ष्य दिया। इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लेकर वेस्टइंडीज की टीम को 185 रनों पर ऑलआउट कर दिया।तैजुल इस्लाम 5–50 का शानदार प्रदर्शन करके मैच के हीरो बने। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका 15वां पांच विकेट हॉल था। चौथे दिन तैजुल की गेंदबाजी ने बांग्लादेश को जुलाई 2009 के बाद कैरेबियन में पहली टेस्ट जीत दिलाई।तैजुल ने कहा, विदेश में टेस्ट मैच जीतना बहुत खास है, जो हम अक्सर नहीं कर पाते। सभी खिलाडियों ने जबरदस्त मेहनत की।इस जीत से बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज 1–1 से बराबर कर ली और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल किया।हालांकि तैजुल ने दूसरी पारी में 5/50 लेकर सुर्खियां बटोरीं, लेकिन इस जीत में उनके अन्य साथियों का भी बड़ा योगदान रहा।

नवोदित तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने पहली पारी में 5–61 लेकर अपने टेस्ट करियर का पहला पांच विकेट हॉल लिया। तेज गेंदबाज तास्किन अहमद ने लगातार अच्छी गेंदबाजी की और उन्हें सीरीज का संयुक्त सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं, जाकिर अली ने महत्वपूर्ण 91 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 287 रन का लक्ष्य रखा। मेजबान टीम की ओर से कावेम हॉज (55) और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (43) ने संघर्ष किया, लेकिन तैजुल ने सही समय पर विकेट लेकर बांग्लादेश को चौथे दिन यह यादगार जीत दिलाई।

## एक नजर

### ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित होगें कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : 14 दिसम्बर को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज गोपेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न सरकारी एवं निजी स्कूलों में ऊर्जा संरक्षण विषयों पर निबंध लेखन, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने विधायक से की प्रतिकर भुगतान की मांग

नई टिहरी। भूमि प्रतिकर के जल्द भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को राजस्व ग्राम भैंतोगीसेरा, बालमा, बादणी और इणिया के काश्तकारों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक किशोर उपाध्याय से मुलाकात की। इसके साथ ही ग्रामीणों ने इंणिया में मेडिकल कालेज बनवाने के प्रयास के लिए विधायक का आभार भी जताया। विधायक से मुलाकात कर ग्रामीणों ने कहा कि उनके प्रतिकर का भुगतान जल्द से जल्द होना चाहिए। जिस पर विधायक ने ग्रामीणों को मामले में त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि टिहरी विधानसभा का विकास तेजी से हो। टिहरी विधानसभा को मेडिकल व पर्यटन हब बनाने के लिए काम किया जा रहा हे। विधायक से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में रणजीत सिंह नेगी, जीत सिंह रावत, विजय सिंह नेगी, रणजीत सिंह नेगी ,दिलबर सिंह नेगी, गिरवीर सिंह गुसांई ,राजेंद्र सिंह नेगी, विक्रम सिंह, सबल सिंह रावत आदि शामिल रहे।

### मंगलवार के सैलून व मांस विक्रय की दुकानें रहेंगी बंद

नई टिहरी। व्यापार मंडल चंबा की बैठक की बैठक बलवीर सिंह पुंडीर की अध्यक्षता में चंबा में संपन्न हुई। जिसमें कई प्रस्ताव पारित किए गए। अध्यक्ष पुंडीर ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार को मांस–मछली विक्रेता और सैलून की दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। मीट की दुकान पर झटका या हलाल लिखना अनिवार्य होगा। साथ ही रेट लिस्ट भी चस्पा करनी होगी। बार्बर एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर प्रवीन कुमार और सचिव मोहम्मद अजमद को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं मीट एसोसिएशन के सचिव पद पर अंकित देवनी को नियुक्त किया गया। बैठक में संरक्षक शशिभूषण भट्ट, उपाध्यक्ष दिनेश भंडारी, मो. शहादत, महिपाल सजवाण, नरेंद्र चंद रमोला, नौशाद, रिजवान, दिलशाद आदि मौजूद रहे।

### 9 दिसंबर को हिंदू परिषद निकालेगा शौर्यजागरण यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल। विश्व हिंदू परिषद आगामी 9 दिसंबर को कीर्तिनगर में शौर्यजागरण यात्रा एवं जनसभा आयोजित करेगा। बजरंग दल के जिला सह मंत्री अर्जुन सिंह ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद 9 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर कीर्तिनगर रामलीला मैदान से कीर्तिनगर पुराने पुल तक शौर्यजागरण यात्रा निकालेगा। विश्व हिंदू परिषद के सूरज नौटियाल, पंकज उनियाल, मुकेश भट्ट, हितेंद्र नेगी ने यात्रा में लोगों से अधिक से अधिक सम्मिलित होने की अपील की है।

### पोक्सो एक्ट को लेकर छात्रों को जागरूक किया

नई टिहरी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नई टिहरी में शिक्षकों की कार्यशाला में पोक्सो ऐक्ट सहित कई अहम कानूनों की जानकारी दी गई। कहा कि पोक्सो ऐक्ट 18 वर्ष तक के उम्र के बालक–बालिकाओं के संरक्षण के लिए बनाया गया है। प्राधिकरण के सचिव व सीनियर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी ने कहा कि कई बार किशोर बालक–बालिकाएं आपसी दोस्ती और प्रेम पे पड़कर लैंगिक गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं।

# ठंडा मौसम बच्चों को कर रहा बीमार, बरते सावधानी



कोटद्वार बेस अस्पताल में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते डा.हरेंद्र कुमार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दिसंबर में बढ़ रही ठंड छोटे बच्चों को बीमार कर रही है। नतीजा अस्पताल में प्रतिदिन सर्दी-जुकाम व बुखार से पीडित बच्चे पहुंच रहे हैं।

दिसंबर के दिन आगे बढ़ने के साथ ही तापमान में भी ठंडक बढ़ने लगी है। नतीजा घर-घर सर्दी-जुकाम व बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं। राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार के साथ ही निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। प्रतिदिन अस्पताल में तीन से चार सौ मरीज उपचार को पहुंच रहे हैं। सुबह से ही ओपीडी की पर्ची बनवाने के लिए बेस अस्पताल में लोगों की लंबी लाइन लग रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डा. हरेंद्र कुमार ने बताया कि तपमान में परिवर्तन के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की आवश्यक है।

**यह बरते सावधानी**

-सुबह-शाम ठंड से बचने के लिए पूरे बांह के कपड़े पहने

-फ्रीज में रखें ठंडे पानी व खाद्य पदार्थों का सेवन न करें

-मसालेदार व्यंजन के सेवन से परहेज करें

-घर की नियमित साफ-सफाई करें

### गौरेया के संरक्षण को लेकर की चर्चा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आरसीडी पब्लिक स्कूल शिवराजपुर में गौरेया पक्षी के संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया। आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय हरिद्वार के प्रो. डा. दिनेश चंद्र भट्ट, स्कूल की संस्थापिका डा. सुभा ढौंडियाल, प्रधानाचार्य सीमा ढौंडियाल, उप प्रधानाचार्य नीरजा गौड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि गौरेया पक्षी भारत सहित विश्व के अनेक भू-भाग से विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। आधुनिक जगत में मकानों की बनावट इस प्रकार की हो गयी है कि उससे कोई भी पक्षी अपना घोसला नहीं बना पाता। गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि धरती पर जीवन बचाने के लिए हमें इस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।

# ताज होटल ग्रुप के पांच सितारा रिजार्ट में हुआ चयन

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : इंस्टीट्यूट आफ हास्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में एक वर्षीय सीएचएम कोर्स के बाद दो छात्रों का चयन ताज होटल ग्रुप के पांच सितारा रिजार्ट में हुआ। होटल के सीनियर एचआर मैनेजर और टैलेंट एक्टिविस्ट ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लेकर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे हैं।बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के ईडी अजयराज नेगी ने बताया कि 27 नवंबर को ताज दम दम लेक रिजार्ट एंड स्पा गुरुग्राम के सीनियर एचआर ने कॉलेज के एक वर्षीय सीएचएम कोर्स में शिक्षा ले रहे छात्रों का ऑन लाइन साक्षात्कार लिया था। जिसमें छात्र प्रियांशु नेगी और नीरज सिंह का चयन उक्त पांच सितारा रिजार्ट के लिए हुआ है। बताया कि इन छात्रों का चयन कल्नरी स्किल प्रोग्राम ट्रेनी के तहत किया गया है। छात्र रिजार्ट के फूड प्रोडक्शन विभाग में तीन साल तक प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान चयनित छात्रों को 20 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा, साथ ही उनका रहना और खाना निःशुल्क होगा। तीन साल के बाद छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर ताज ग्रुप के पांच सितारा होटल अथवा रिजार्ट में नियमित नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मेहनती और लगनशील छात्रों के लिए अवसरों की कमी नहीं है। कालेज की ओर से उन्हें बेहतर अवसर देने के हमेशा प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नियमित रुप से कालेज आने और निष्ठा पूर्वक शिक्षा लेते हुए गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने की अपील की है।

# शिक्षक डा. शशि भूषण अमोली को मिला दक्षता सम्मान



शिक्षक डा. शशिभूषण अमोली को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : बेहतर समाज सेवा व दिव्यांगों की सेवा के लिए शिक्षक डा. शशिभूषण अमोली को दक्षता पुरस्कार दिया गया है। डा. शशिभूषण अमोली श्री गुरु राम राय इंटर कालेज दिउला पौखाल में शिक्षक के पद पर तैनात है। मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डा. शशिभूषण अमोली को दक्षता पुरस्कार से सम्मानित किया। अमोली के सामाजिक कार्यों को देखते हुए पूर्व में उन्हें पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ की ओर से डक्ट्रेट की मानद उपाधि भी दी जा चुकी है। साथ ही उन्हें भृगु सम्मान, कण्वाश्रम सम्मान, महाबगढ़ गौरव सम्मान के साथ ही यमकेश्वर गौरव सम्मान मिल चुका है। अमोली दिव्यांग व गरीब परिवार के बच्चों की शिक्षा में भी अपना योगदान दे रहे हैं। वर्तमान में वह गढ़वाल सभा व साहित्यांचल संस्था से जुड़कर समाजिक सेवा में जुटे हुए हैं। ठंड के मौसम में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर उपलब्ध करवाने के लिए भी वह प्रतिवर्ष अभियान चलाते हैं।

# रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं को बनाया जा रहा बेहतर : डीआरएम

### मुरादाबाद रेल मंडल प्रबंधक राजकीय सिंह ने किया कोटद्वार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



कोटद्वार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते मंडलीय रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मुरादाबाद रेल मंडल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने कहा कि कोटद्वार रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए हर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने रेलवे की भूमि पर पसरे अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन व पुलिस का सहयोग लेने की भी बात कही। कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

बुधवार दोपहर करीब एक बजे डीआरएम राजकुमार सिंह कोटद्वार रेलवे स्टेशन में पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से स्टेशन के सौंदर्यीकरण को लेकर चल रहे कार्य के बारे में जानकारी ली। कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के बाद रेलवे स्टेशन का सौदर्यीकरण किया जा रहा है। कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएं। साथ ही नक्शे के आधार पर ही पूरा निर्माण कार्य होना है। उन्होंने अधिकारियों को रेलवे स्टेशन में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि स्टेशन परिसर में पर्याप्त कूड़ेदान की व्यवस्था की जाएं। डीआरएम ने रेलवे पुलिस को लकड़ीपड़ाव व काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र की ओर से रेलवे की भूमि पर कूड़ा डालने वालों पर नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व रेलवे स्टेशन में प्रवेश न करें इसका ध्यान रखा जाएं। उन्होंने स्टेशन अधिकारियों को पेयजल निकासी की व्यवस्था को भी बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कहा कि रलवे ट्रेक या स्टेशन में किसी भी तरह से गंदा पानी एकत्रित न हो। इस मौके पर स्टेशन इंचार्ज आशीष बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# चुनाव समय से नहीं होने पर उक्रांद ने जताया रोष



उक्रांद की ओर से आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल की शिब्बूनगर स्थित कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय निकाय, पंचायत और सहकारी समितियों के चुनाव समय पर न करने के लिए राज्य सरकार की घोर निंदा की। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यूकेडी के वरिष्ठ नेता एवं संरक्षक डॉ. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि पंचायत स्थानीय निकाय और सहकारी समिति लोकतंत्र की आधारशिला हैं। राज्य सरकार ने इन संस्थाओं का नियत समय पर चुनाव न करके इन लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपना गुलाम बना रखा है। सरकार निरंतर इन संस्थाओं की उपेक्षा करती रही हैं। डॉ. कपरवाण ने कहा कि भाबर और सनेह क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के विरोध के बावजूद भी उत्तराखंड सरकार ने 5 साल पहले जबरदस्ती 73 गांवों को नगर निगम कोटद्वार में सम्मिलित कर दिया था। यह पंचायतों की स्वतंत्रता पर राज्य सरकार का बहुत बड़ा आघात था। कपरवाण ने सरकार से मांग की कि लोकतंत्र की मूल आधार संस्था पंचायत, स्थानीय विकास और सरकारी समितियों के विकास व संरक्षण पर कार्य किया जाना चाहिए। कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सहकारी समितियां के चुनाव को बार-बार टालना गैरकानूनी है। केंद्रीय महामंत्री सत्य प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि स्थानीय निकाय व सहकारी समितियों की तरह सरकार पंचायत के चुनाव भी टालना चाहती है।

उन्होंने कहा कि इन लोकतांत्रिक संस्थाओं के चुनाव से पूर्व ही चुनाव की योजना बन जानी चाहिए थी, परंतु ऐसा न करके सरकार ने गैर लोकतांत्रिक कार्य किया है। इस अवसर पर विचार व्यक्त करने वालों में सत्यपाल सिंह नेगी, जग दीपक रावत, प्रवेश चंद्र नवानी, हरीश द्विवेदी, भारत मोहन काला, राजेंद्र पंत, उमेद सिंह भंडारी, जेपी ध्यानी, ओम प्रकाश घनशेला, मदन सिंह बिष्ट, हृदेश डबराल आदि सम्मिलित थे।

### साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : आमजन को साइबर अपराध से बचाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी के तहत धुमाकोट व रिखणीखाल पुलिस ने आमजन को जागरूक किया। पुलिस ने महिलाओं को उनके अधिकारों की भी जानकारी दी। रिखणीखाल क्षेत्र में आयोजित गोष्ठी में थानाध्यक्ष संतोष पैंथवाल ने ग्रामीणों को साइबर अपराध की जानकारी दी। कहा कि वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जामजन का जागरुक होना अति आवश्यक है। कहा कि हमें किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन पर अपने बैंक से सबंधित जानकारी नहीं देनी चाहिए।

पुलिस ने स्कूली बच्चों को लेगिंग अपराधो से बचाव के साथ ही गुड टच बेड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वही, धुमाकोट स्थित राजकीय इंटर कालेज शंकरपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आरक्षी शैलेंद्र पेटवाल ने बच्चों को फेक काल से बचाव के बारे में बताया। कहा कि साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए तरह–तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसे में हमें सुरक्षा के साथ इंटनेट का उपयोग करना चाहिए। इस मौके पर दिलबर सिंह, विलम सिंह, भगत सिंह, रामी देवी, सुनीता देवी, भिखारी सिंह आदि मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या<br>दिनांक | 253-DRM-MB-24-25<br>Date 04.12.2024 |
| कार्य का नाम | IMPROVEMENT OF MANORANJAN SADAN & CHILDREN PARK INCLUDING TOILET, BATH & KITCHEN AND OTHER MISC. WORK AT HRI STATION UNDER ADEN/HRI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.12.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 59,87,584.41 |
| धरोहर राशि | 1,19,800.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.12.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 04.12.2024 3732/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 8 दिसम्बर को 66332 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

### वंचित रह गये बच्चों को 9 व 10 दिसम्बर को घर-घर जाकर पिलाई जाएगी पोलियो



**जयन्त प्रतिनिधि**

पौड़ी : पल्स पोलियो की बैठक विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि 08 दिसम्बर को जनपद के अंतर्गत सभी 0-05 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी और वंचित रह गये बच्चों को 09 व 10 दिसम्बर को घर–घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

बुधवार को आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि जनपद के किसी भी क्षेत्र में एक भी बच्चा पल्स पोलियो से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को विकासखंड तथा अपने स्थानीय स्वास्थ्य कार्मिकों की सहायता से बच्चों व परिवार से जुड़ा अद्यतन डेटा लेकर उसी अनुरुप बच्चों को कवर करने की रणनीति बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा सहित अन्य विभागों को भी पल्स पोलियो से बच्चों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने के लिए अपनी ओर से भी आवश्यक सहयोग करने को कहा। उन्होंने 08 दिसम्बर रविवार को प्रत्येक विद्यालय को खुला रखने के निर्देश मुख्य शिक्षाधिकारी को दिये।

इस दौरान बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 08 दिसम्बर रविवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी तथा वंचित रहे गये बच्चों को 09 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। बताया कि जनपद में 0-5 वर्ष के 66332 बच्चों को पोलियो पिलाई जाएगी। कुल बूथों की संख्या 531, घर-घर भ्रमण हेतु कुल टीमों की संख्या 1062 व सुपरवाइजरों की संख्या 106 है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर, मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, बाल विकास अधिकारी देवेंद्र थपलियाल सहित सुशील कुमार, प्रीति आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार

पत्रांक 2685 / निविदा / 2024-25 दिनांक 03/12/2024

### निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 16.12.2024 की अपराह्न 3.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह निविदा दिनांक 17.12.2024 की अपरान्ह 3.00 बजे तक शाखा कार्यालय में जमा करायी जा सकेगी। जो कि अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मोटाढाक नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जीर्ण-क्षीर्ण पाईप लाईन के सुदृढीकरण का कार्य। | 14.32 | 21000.00 | रू0 1500.00 +GST |
| 2 | हल्दूखाता नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जीर्ण-क्षीर्ण पाईप लाईन के सुदृढीकरण का कार्य। | 12.43 | 22000.00 | रू0 1500.00 +GST |
| 3 | सिगड्डी नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जीर्ण-क्षीर्ण पाईप लाईन के सुदृढीकरण का कार्य। | 11.44 | 20000.00 | रू0 1500.00 +GST |

**शर्तेः- नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में देखी जा सकती है।**

1- कार्य उत्तराखण्ड जल संस्थान के सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता के निर्देशानुसार करना होगा।
2- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- कार्य पूर्ण होने के 06 माह पश्चात ही धरोहर राशि वापस की जायेगी।
4- ठेकेदार द्वारा लिफाफे पर योजना का नाम एवं ठेकेदार का पता अंकित होना अनिवार्य है।
5- निविदा क्रय करते समय विभागीय पंजीकरण की मूलप्रति प्रस्तुत करनी अनिवार्य है, जिसके अभाव में निविदा निर्गत नहीं की जायेगी।
6- निविदा प्रपत्र पर आयकर विभाग द्वारा जारी जी0एस0टी0 नं0 अंकित करना अनिवार्य होगा।
7- अधोहस्ताक्षरी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
8- धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा निरस्त मानी जायेगी।
9- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
10- कार्यस्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा क्रय करें।
11- कार्य हेतु शेष शर्ते निविदा प्रपत्र पर दी गई शर्तों के अनुसार होगी।

(0589/59) अधिशासी अभियन्ता


# जिला प्रशासन ने शुरू की विजय दिवस की तैयारी



**जयन्त प्रतिनिधि पौड़ी :** जिलाधिकारी गढ़वाल के निर्देश पर एनआईसी कक्ष में जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर की अध्यक्षता में विजय दिवस की तैयारी बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि जिन-जिन विभागीय अधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसकी तैयारियां समय से पूर्ण करें।बुधवार को आयोजित बैठक में जिला विकास अधिकारी ने कहा कि 09:30 बजे एजेंसी चौक से प्रेक्षागृह पौड़ी तक स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। वहीं 10 बजे एजेंसी चौक स्थित शहीद स्मारक व जनपद के अन्य शहीद स्मारकों में माल्यार्णण व पुष्प अर्पित किये जाएंगे। उसके बाद 10:30 बजे प्रेक्षागृह में अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिला विकास अधिकारी ने नगर पालिका को शहीद स्मारक में साफ-सफाई के साथ ही चूना छिड़काव करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को कार्यक्रम में गणमान्य लोगों को आंमत्रित करने को कहा। साथ ही उन्होंने मुख्य शिक्षाधिकारी को विजय दिवस से पूर्व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन व जिला क्रीड़ा अधिकारी को क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को विजय दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने संस्कृति विभाग को कार्यक्रम स्थल में साउंड व्यवस्था के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पौड़ी करन सिंह रावत, लैंसडौन ओपी फरस्वाण, मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, एसीएमओ डॉ. पारूल, नगर पालिका ईओ दिनेश जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बिंदाल नदी में कूड़ा फेंकने पर 50 हजार का जुर्माना

देहरादून। नगर निगम ने कूड़ा–कचरा फेंककर नदी–नालों को गंदा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। निगम की टीम ने बिंदाल नदी में कूड़ा डालने पर एक व्यक्ति पर पाचस हजार रुपये का चालान किया है। इसके साथ ही नदी–नालों में कूड़ा डालने वाले 76 लोगों के चालान किए हैं। उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने बताया कि बुधवार को नदी–नालों में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। बिंदाल नदी में एक व्यक्ति कूड़ा–कचरा डालने हुए पकड़ा गया। मुख्य सफाई निरीक्षक ने उक्त व्यक्ति का चालान कर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। टीम ने नदी–नालों में कूड़ा–कचरा डालने वाले 76 लोगों के चालान भी किए हैं। बताया कि नदी, नालों और खाली भूखंडों पर कूड़ा–कचरा डालने वालों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। शहरी विकास सचिव, डीएम और नगर आयुक्त के निर्देश पर कार्रवाई के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। बताया कि नदी–नालों और शहर की स्वच्छता में सभी को सहयोग देने की जरूरत है। टीम में मुख्य सफाई निरीक्षक मनीष दरियाल, भूपेंद्र पंवार आदि शामिल रहे।

### हिल व्यू कॉलोनी के सड़क निर्माण का शिलान्यास किया

देहरादून। कैंट विधायक सविता कपूर ने बुधवार को इंदिरानगर के हिल व्यू कॉलोनी में सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक कपूर ने कहा की सड़क मार्गों को दुरुस्त रखना हमारी प्राथमिकता है। बरसात में जो सड़क क्षतिग्रस्त हुई हैं उन्हें ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष जय प्रकाश रावत, सूरज सिंह बिष्ट, पीएस नेगी, देव सिंह रावत, जय खरे, बलबीर सिंह, बलबीर कुकरेजा, विधांशु बालियान, पूरण रावत मौजूद रहे।

### उत्तराखंड को कृषि विकास के लिए मिले 551 करोड़

देहरादून। उत्तराखंड में प्राकृतिक कृषि एवं आयुष की विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार ने 551 करोड़ का बजट जारी किया है। इससे राज्य के तीन लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। राज्यसभा में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने संसद में यह जानकारी दी। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बुधवार को सदन में प्रश्न पूछकर राज्य में कृषि विकास के लिए दिए गए बजट की जानकारी मांगी थी। इस पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि राज्य को वर्ष 2016 से कृषि विकास व आयुष के तहत 551 करोड़ से अधिक का बजट जारी किया गया है। इससे राज्य के तीन लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं।

### स्कूली बच्चों के साथ कृषि शिक्षा दिवस मनाया

देहरादून। आईसीएआर–भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान (आईआईएसडब्ल्यूसी) देहरादून में बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्माल्टा के छात्रों के साथ कृषि शिक्षा दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भागोदारी की। उन्हें कृषि और इसके सहायक क्षेत्रों की जानकारी दी गई। आई आईएसडब्ल्यूसी के निदेशक डॉ. एम. मधु ने कृषि शिक्षा के महत्व को इससे जोड़ा। छात्रों से आग्रह किया कि वह शिक्षकों और वैज्ञानिकों के साथ सक्रियता और संवाद करें, ताकि मृदा और जल संरक्षण के बारे में बेहतर समझ विकसित कर सकें। टीएसपी और एससीएसपी समन्वयक डॉ. एम. मुरुगनंदम ने कहा कि जनजातीय किसानों और छात्रों के लाभ के लिए डिजाइन किए गए हैं।

### राष्ट्रीय खेल सचिवालय में होगी हाई पॉवर कमेटी की बैठक : रेखा आर्या

देहरादून। राज्य में 28 जनवरी से आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों से संबंधित हाई पॉवर कमेटी की बैठकें अब महाराणा प्रताप स्टेडियम में बनाए गए राष्ट्रीय खेल सचिवालय में होंगी। खेल मंत्री रेखा आर्या की ओर से अधिकारियों को इसके निर्देश दिए गए हैं। विदित है कि राज्य में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी के बीच होना है। इसके लिए महाराणा प्रताप स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल सचिवालय तैयार किया गया है। खेलों की तैयारी के सिलसिले में मुख्यमंत्री और खेल मंत्री की बैठकें इसी सचिवालय में हो रही है। लेकिन हाई पॉवर कमेटी की बैठकें अभी तक इस सचिवालय में आयोजित नहीं हुई है। इसे देखते हुए खेल मंत्री रेखा आर्या ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय खेलों से संबंधित हाई पॉवर कमेटी की बैठक राष्ट्रीय खेल सचिवालय में आयोजित कराने को कहा है।

# जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को लगाई फटकार

### जिलाधिकारी ने की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यो की समीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत संचालित सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने संचालित सड़क एवं ब्रिज निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए समय से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीएमजीएसवाई के कतिपय सड़कों पर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने और निर्माण कार्या की गुणवत्ता और प्रभावित लोगों को प्रतिकर भुगतान न किए जाने की शिकायतें मिलने पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाई।



जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क एवं ब्रिज निर्माण कार्यों में पर्याप्त संख्या में श्रमिक एवं मशीनरी लगाते हुए निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्रान्तर्गत सड़क निर्माण कार्यों की नियमित देखरेख करें और अधीक्षण अभियंता के स्तर पर निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए निर्धारित शर्तों एवं बांड के अनुसार जो ठेकेदार काम नही कर रहे है, उनके खिलाफ जुर्माना लगाने के साथ कार्रवाई की जाए। सड़कों पर गढ्ढे भरान, नाली, स्कवर, पुस्ता निर्माण से जुड़ी जन शिकायतों का त्वरित समाधान करें। सड़क निर्माण से प्रभावित लोगों की भूमि का मुआवजा समय पर वितरण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि हल्के वाहनों के लिए बनाई गई पीएमजीएसवाई की सड़कों पर साइन बोर्ड लगाया जाए और फिर भी वहां पर भारी वाहन चलाने से सड़क क्षतिग्रस्त होती है तो संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के सभी डिवीजनों में कार्यों की विस्तार से प्रगति समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। पीएमजीएसवाई के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में सभी डिवीजनों के अंतर्गत 284 स्वीकृत कार्यों में से 248 कार्य पूर्ण हो गए है और 32 सड़क निर्माण के कार्य चल रहे है। ब्रिज एंड रूफ द्वारा 11 कार्य स्वीकृत है। वही एनपीसीसी नंदप्रयाग के 04 और एनपीसीसी थराली के अंतर्गत 03 कार्य चल रहे है। बैठक में पीएमजीएसवाई के अधीक्षण अभियंता संदीप श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता सचिन कुमार, सहायक अभियंता विनोद बडोनी, सहायक अभियंता देवेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता नरेन्द्र कुमार, रूफ एंड ब्रिज प्रबंधक मनीष कुमार मौजूद थे।

# शिक्षा मंत्री ने किया डायट व विद्या समीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

देहरादून। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) व विद्या समीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्या समीक्षा केंद्र की समीक्षा कर केंद्र की सभी गतिविधियों के विधिवत संचालन को लेकर विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को लेकर विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में उन्होंने आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) देहरादून व विद्या समीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। डायट देहरादून के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, छात्रावास, पुस्तकालय, शौचालय सहित विभिन्न भवनों का बारीकी से निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने डायट के प्राचार्य को प्रशिक्षण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को कहा। इस दौरान विभागीय मंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से संवाद कर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता और उनके अनुभवों की जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने विद्या समीक्षा केंद्र का भी निरीक्षण किया। केंद्र में उन्होंने शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों की ऑनलाइन उपस्थिति का अवलोकन करने के साथ ही अन्य गतिविधियों की भी जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने विद्या समीक्षा केंद्र के उद्देश्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने व अन्य गतिविधियों का संचालन विधिवत शुरू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

# सुल्तानपुर पट्टी में दो धार्मिक स्थलों के अभिलेख जांचे

काशीपुर। सुल्तानपुर पट्टी स्थित दो धार्मिक स्थानों पर हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत पर एसडीएम की ओर से गठित की गई राजस्व, पुलिस और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने बुधवार को मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान टीम को संबंधित कमेटी सदस्यों की ओर से दिखाए गए दस्तावेज अपूर्ण मिले। इसपर दोनों धार्मिक स्थानों पर हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है। साथ ही कमेटी मेंबरों को तुरंत पूर्ण अभिलेख करने के निर्देश दिए। कुछ पहले बेनाम एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा था। इसपर एसडीएम ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तीन अधिकारियों की टीम गठित की। सुल्तानपुर पट्टी के मोहल्ला आदर्श नगर स्थित दो धार्मिक स्थलों को अवैध बताया था तथा इसकी जांच की मांग की थी। साथ ही कहा था कि यहां अवैध निर्माण चल रहा है। एसडीएम ने तहसीलदार अक्षय भट्ट के नतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी बनाते हुए आरोप की जांच करने और रिपोर्ट देने को कहा था। बुधवार को तहसीलदार अक्षय भट्ट टीम और फोर्स के साथ आदर्श नगर पहुंचे। जहां उन्होंने धार्मिक स्थलों के पदाधिकारियों से मिलकर अभिलेखों को देखा। बकौल तहसीलदार दोनों ही धार्मिक स्थलों के अभिलेख अपूर्ण मिले। उन्हें पूर्ण करने को बोला गया। उन्होंने धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया। तहसीलदार अक्षय भट्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट एसडीएम को प्रेषित की जाएगी। किसी को अगर आपत्ति है तो वह एसडीएम से जाकर मिल सकता है और जानकारी ले सकता है।

### चोरी की योजना बनाते तीन युवक असलहों संग गिरफ्तार

काशीपुर। शुगर फैक्ट्री गेट के अंदर बने खंडहर में चोरी की योजना बनाते तीन युवकों को पुलिस ने अवैध तमंचे और चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने एक टैंट हाउस में चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर टैंट हाउस से चुराए गए आठ भगोने और ढक्कन बरामद किए हैं। बुधवार को कोतवाली में सीओ दीपक सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम टांडा उज्जैन चौकी पुलिस को सूचना मिली कि शुगर फैक्ट्री गेट के अंदर बने खंडहर में कुछ संदिग्ध युवक चोरी की योजना बना रहे हैं।

सूचना पर चौकी प्रभारी एसआई सुनील सूतेडी, एसआई जयप्रकाश सिंह आदि ने पुलिस फोर्स के साथ संदिग्धों को धर दबोच लिया। पुलिस ने पुष्प विहार कालोनी निवासी मो. इदरीस उर्फ संजय पुत्र मगरुद्दीन, कर्बला कालोनी निवासी शाहरुख पुत्र इकबाल और आवास विकास कालोनी निवासी प्रिंस अग्रवाल पुत्र अखिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के दो अवैध तमंचे और एक चाकू बरामद किए है। आरोपियों ने नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की योजना बनाने की बात कही है।

# एथलीट अमन ठाकुर को डीएम संदीप तिवारी ने किया सम्मानित

### नेशनल वॉक रेस में एथलीट अमन ठाकुर ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : सीमांत जनपद चमोली के अमन ठाकुर ने 60वीं विद्यालयी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत अंडर-17 वॉक रेस इवेन्ट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालयी राष्ट्रीय खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बुधवार को जिलाधिकारी संदीप तिवार ने एथलीट अमन ठाकुर, उनके कोच गोपाल सिंह बिष्ट और स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश मैठाणी को सम्मानित किया। डीएम ने खिलाड़ी अमन ठाकुर को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। एथलीट अमन ठाकुर अभी राजकीय इंटर कॉलेज बैरांगना में 12वीं कक्षा का छात्रा है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ में संपन्न हुई विद्यालयी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया



और अंडर-17 की 05 किलोमीटर वॉक रेस प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, स्पोटर्स समन्वय केसी पंत, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री धामी ने किया नौसेना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून( । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को राजपुर रोड़ स्थित राष्ट्रीय जलसर्वेक्षण कार्यालय में नौसेना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक इंडियन लिस्ट ऑफ रेडियो सिग्नल्स वॉल्यूम 1–2 का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने 1971 के भारत–पाक युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना के ऑपरेशन ट्राइडेंट की उपलब्धियों का स्मरण करते हुए कहा कि यह नौसेना सहित पूरे देश के लिए गौरवान्वित महसूस करने और उस जीत को याद करने का अवसर है। राज्यपाल ने सभी देशवासियों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम उन वीर सपूतों को नमन कर रहे हैं जिन्होंने हमारे समुद्री हितों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक कार्यालय, इस शक्तिशाली बल का एक अभिन्न अंग है, जो हमारे समुद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनएचओ, समुद्रों और जलमार्गों का सटीक मानचित्रण करके नौसेना और तटरक्षक बल को हमारे समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए सक्षम बनाता है। एनएचओ द्वारा हाल ही में किए गए अंतर्देशीय जल निकायों के सर्वेक्षण का उपक्रम विशेष रूप से सराहनीय है। पैंगोंगसो झील और नैनीताल झील के सफल सर्वेक्षण, इस संगठन की बहुमुखी प्रतिभा और राष्ट्रीय विकास के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं। ये पहल न केवल इन महत्वपूर्ण जल निकायों की हमारी समझ को बढ़ाती हैं, बल्कि उनके संरक्षण और सतत प्रबंधन में भी योगदान करती हैं। राज्यपाल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त प्रणाली और उपग्रह दूरसंवेदन जैसी उभरती टेक्नोलॉजीज समुद्री संचालन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती हैं। इन



प्रगतिशील तकनीकों को अपनाकर, हमारी नौसेना समुद्री शक्ति के क्षेत्र में अग्रणी बनी रहेगी। हमारे वीर सैनिकों के बलिदान और समर्पण ने भारतीय नौसेना और एनएचओ की सफलता की नींव रखी है। हम उनके कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के प्रति कृतज्ञ हैं। हमें खुशी है कि आज के युवा अधिकारी और नाविक उनकी विरासत से प्रेरित हैं और व्यावसायिकता और सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रमुख वैश्विक शक्ति के लिए एक मजबूत नौसेना का होना आवश्यक है, वर्तमान सरकार द्वारा नौसेना की क्षमताओं को उन्नत करना और स्वराज्य को मजबूत करने के लिए उन्हें आवश्यक संसाधन प्रदान करना सशक्त भारत के निर्माण के लिए एक दूरदर्शी कदम है। राज्यपाल ने कहा कि पिछले 5–6 वर्षों के दौरान नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो–तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप हम स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए नौसेना क्षमताओं के महत्व को पहचानने के लिए शिवाजी महाराज की दूरदर्शिता को जानना और समझना जरूरी है, जिन्होंने एक शक्तिशाली नौसेना का मसौदा तैयार किया था। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारी नारी शक्ति देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, आज वे सशस्त्र बलों से लेकर संसद तक हर क्षेत्र में देश के विकास में बराबर की भागीदारी कर रही हैं। अब सशस्त्र बलों में नारी शक्ति को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारे संकल्पों, भावनाओं और आकांक्षाओं की एकता के सकारात्मक परिणामों की झलक दिखाई दे रही है, क्योंकि आज प्रत्येक भारतीय राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित है। आज देश, इतिहास से प्रेरणा लेकर संकल्प के साथ उज्वल भविष्य का रोड मैप तैयार करने में जुटा है। यह संकल्प हमें विकसित भारत की ओर ले जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को नेवी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन भारतीय नौसेना की वीरता और समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। नौसेना देश की वो शक्ति है जिससे भारत के दुश्मन टकराने से डरते हैं। भारतीय नौसेना अपने पराक्रम, साहस और कौशल के दम पर हमेशा देश की रक्षा और देश का मान बढ़ाती है।

उन्होंने कहा 4 दिसंबर 1971 का दिन, युद्ध इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। जब भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाकर दुश्मन देश के षडयंत्रों को विफल किया था।

# निकाय चुनाव से पहले मतदाता बनने का अंतिम मौका

देहरादून। प्रदेश में आगामी दिनों में होने वाले निकाय चुनाव से पहले मतदाता बनने का अंतिम मौका है। एक जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा निर्वाचन नामावली की प्रक्रिया पूरी कर मतदाता बन सकते हैं। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की ओर से विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पूर्व भी राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निकाय चुनावों को देखते हुए विभिन्न तिथियों पर सभी निकायों की निर्वाचक नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण कराया गया था। अपने आदेश में आयुक्त सुशील कुमार ने कहा है कि अब जब निकाय चुनाव वर्ष 2025 में संभावित हैं, ऐसे में निकायों की निर्वाचक नामावलियों में उन सभी व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाने जाने चाहिए जो एक जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। वर्तमान में निर्वाचक नामवली में संशोधन, विलोपन का कार्य चल रहा है, यह प्रकिया नामांकन की अन्तिम तिथि तक जारी रहेगी। इसके लिए सभी निकायों में में विशेष अभियान चलाया जाएगा। मतदाता सूची तैयार करने का काम 15 दिसंबर तक चलेगा।

**मतदान स्थल पर उपलब्ध रहेंगे प्रपत्र**

मतदान से जुड़े संगणक, कर्मचारी 8, 9 और 10 दिसम्बर को मतदान स्थल, मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर नए मतदाता बनने के लिए प्रपत्र उपलब्ध करवाएंगे।

### नशाखोरी रोकने के लिए कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

देहरादून। जिले में नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार को विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर जल्द ही नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि बढ़ती नशाखोरी के कारण सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोग जान गंवा रहे हैं। हर परिवार का युवा नशे की गिरफ्त में हैं। स्कूल, कालेज और इंस्टीट्यूट के बच्चे तक नशा कर रहे हैं, जो कि चिंताजनक है। नशे का सेवन कर ओवरस्पीड में वाहन चला हरे हैं, जो दुर्घटना का कारण बन रहा है। उन्होंने नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सीपीआई के सचिव अनन्त आकाश, आयूपि के केन्द्रीय अध्यक्ष नवनीत गुसाईं, महिला मंच की नेता निर्मला बिष्ट, सीआईटीयू के जिला महामंत्री लेखराज, दुर्गा ध्यानी रतूड़ी, पुष्पा बहुगुणा, सरिता गौड़ आदि मौजूद रहे।

# राफटिंग बेस स्टेशन की स्वीकृति पर सीएम धामी ने जताया पीएम मोदी का आभार

देहरादून। केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के अंतर्गत ऋषिकेश में आधुनिक राफ़्टिंग बेस स्टेशन स्वीकृत किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषिकेश राफ्टिंग के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में अपनी जगह बना चुका है।

अब यहां 100 करोड़ की लागत से राफ्टिंग बेस स्टेशन तैयार किए जाने से, राफ्टिंग गतिविधियों के लिए आधारभूत सुविधाएं विकसित हो सकेंगी। इससे ऋषिकेश में राफ्टिंग गतिविधियां तेज होंगी, जिसका लाभ आस पास के क्षेत्र



में पयर्टन गतिविधियां बढ़ने के रूप में मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस परियोजना के तहत राफ्टिंग केंद्रों पर शौचालय, कपड़े बदलने की सुविधा के साथ ही खानपान की सुविधा भी विकसित की जाएंगी। साथ ही तपोवन क्षेत्र में भीड़–भाड़ कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी निर्माण किया जाना है। इस परियोजना के माध्यम से लगभग 1500 लोगों को रोजगार मिलने का भी अनुमान है। योजना के लिए ज़मीन उपलब्ध कराने में राज्य सरकार पूरा सहयोग देगी। दो वर्ष की तय समय सीमा में इस कार्य को पूरा किया जाएगा।

# आधी—अधूरी एवं गुणवत्ताहीन निर्माणाधीन आईटीआई भवनों के मामले में तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) को आधी–अधूरी एवं गुणवत्ताहीन निर्माणधीन आईटीआई भवनों के मामले में तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने यूपीआरएनएन को आधी–अधूरी एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों के कारण भुगतान वापसी हेतु नोटिस जारी करने तथा नोटिस का अनुपालन नही होने की दशा में उनके विरूद्ध प्राथिमिकी रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए हैं।



इसके साथ ही मुख्य सचिव ने उत्तराखण्ड पेयजल निगम को आईटीआई सुरक्षा निर्माण सहित सभी निर्माण कार्यों में दीर्घ अवधि के विजन तथा हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ कार्य करने की कड़ी हिदायत दी है। उन्होंने आईटीआई के सुरक्षा निर्माण कार्यों के साथ ही ड्रेनेज सिस्टम तथा बाउण्ड्री वॉल पर भी कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में आईटीआई नारसन (हरिद्वार) में सुरक्षा निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक की अध्यक्षता के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने 187.30 लाख रूपये के प्रोजेक्ट लागत पर अनुमोदन देते हुए उत्तराखण्ड पेयजल निगम को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

आईटीआई में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्य सचिव रतूड़ी ने इस प्रोजेक्ट की 10 दिन के भीतर सिंचाई विभाग से टेक्नीकल परीक्षण करवाने के बाद निर्माण कार्य आरम्भ करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अगले मानसून से पहले निर्माण कार्यों को पूरा करने तथा आईटीआई कैम्पस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर सचिव सी रविशंकर सहित पेयजल निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम के ठेकेदार पर चोरी से बिजली उपयोग करने पर केस

देहरादून। नगर निगम के स्मार्ट वेंडिंग जोन के निर्माण के लिए चोरी की बिजली का उपयोग किया जा रहा था। विद्युत विभाग की टीम ने दून विहार, जाखन में छापा मारकर ठेकेदार का यह कारनामा पकड़ लिया। आरोपी ठेकेदार के खिलाफ राजपुर थाने में केस दर्ज कराया गया है। ढाक पट्टी स्थित 33/11 केवि उप संस्थान के अवर अभियंता चतर सिंह की तहरीर पर राजपुर थाना पुलिस ने विद्युत अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक दून विहार में इन दिनों नगर निगम के स्मार्ट वेंडिंग जोन के निर्माण का काम चल रहा है। निर्माण का काम बालाजी इंटरप्राइजेज नाम की फर्म के पास है। विद्युत विभाग को मौके पर बिना बिजली कनेक्शन लिए चोरी की बिजली खर्च कर निर्माण किए जाने की सूचना मिली। अवर अभियंता चरण सिंह राणा, एसडीओ समर यादव, लाइनमैन सुमन नौटियाल ने मौके पर छापा मारा। इस दौरान फर्म कर्मचारी निर्माण के लिए सीधे लाइन में कटिया डालकर वेल्डिंग मशीन चलाने के साथ ही अन्य उपकरणों को चला रहे थे। मौके से बिजली लाइन में डाला गया आठ मीटर तार अन्य उपकरण विद्युत विभाग की टीम ने जब्त कर लिए। राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि तहरीर के आधार बालाजी इंटरप्राइजेज के संचालक नरेंद्र ओबराय के खिलाफ चोरी की बिजली उपयोग करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com